**खबर संक्षेप**

## विद्या महाशक्ति पीठ का विसर्जन चल समारोह आज



**मण्डला।** बड़ी खैरी स्थित श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित माता विद्या महाशक्ति पीठ का विसर्जन चल समारोह आज दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ से आई अखंड महाकाली झांकी अपने 80 साथियों के साथ, मशहूर सुनील ब्रश बैंड दल अपने 70 कलाकारों के साथ, नागपुर से जेबी ढोल, भूतनाथ शंकर जी की चलित झांकी, और प्रसिद्ध किशन डीजे का 40 हजार वॉट साउंड सिस्टम शामिल रहेगा। इसके साथ ही मुंबई से आए रंगोली कलाकार हर चौराहे पर अपनी कला से श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे जबकि अरिहंत इवेंट द्वारा आकर्षक आतिशबाजी प्रदर्शन किया जाएगा जो पूरे आयोजन को भव्यता प्रदान करेगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह चल समारोह भक्तिभाव और उत्सव का संगम होगा। सभी भक्तों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें। इस वर्ष विद्या महाशक्ति पीठ में मां के दस दिव्य स्वरूप मां धूमावती, मां कमला, मां काली, मां बगलामुखी, मां मातंगी, मां तारा, मां त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, मां षोडशी और मां छिन्नमस्ता की विधि-विधान से स्थापना की गई थी। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी खैरी का दुर्गोत्सव अपनी अनोखी भक्ति, भव्य झांकियों और सांस्कृतिक विविधता के लिए विशेष पहचान बना रहा है।

**दस माह पूर्व अनियमितताओं में हटाई गई थी वार्डन**

# वार्डन पर क्यों है विभाग मेहरबान?

*** पुनः पदस्थापना पर उठ रहे सवाल।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास, खलौड़ी में वार्डन के रिक्त पद पर जिला शिक्षा केंद्र द्वारा दिनांक 16/09/2025 को जारी आदेश के अनुसार श्रीमती झुमली आर्मो को आगामी आदेश तक प्रभार सौंपा गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

हालांकि, इस आदेश को लेकर क्षेत्र में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कारण यह है कि मात्र 10 माह पूर्व श्रीमती झुमली आर्मो को जनजाति कार्य विभाग के उत्कृष्ट आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास मवई से प्रभारी अधीक्षिका के पद से निरीक्षण में पाई गई गंभीर अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं के कारण हटाया गया था।



कार्यालय कलेक्टर, (जनजातीय कार्य विभाग) जिला मंडला

आदेश

सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मंडला

### पूर्व घटनाक्रम पर एक नजर

06 नवम्बर 2024 को जिला कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग), मंडला द्वारा जारी आदेश क्रमांक /5935 के अनुसार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया की जांच रिपोर्ट और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मवई के पत्र के आधार पर, मवई छात्रावास की अव्यवस्थाओं के चलते श्रीमती झुमली आर्मो को तत्काल प्रभाव से प्रभार से मुक्त कर मूल संस्था प्राथमिक शाला पिपरी माल में कार्यमुक्त किया गया था।

उनकी जगह श्रीमती श्यामवती आयाम को नया अधीक्षक नियुक्त कर छात्रावास संचालन का दायित्व सौंपा गया था। यही नहीं, तत्कालीन सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि श्रीमती झुमली आर्मो के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा रही है।



कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी मवई,जिला मण्डला

प्रति

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग मण्डला

विषय:- आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास मैं उपस्थिति प्रतिवेदन बावद।

संलग्न:- संबंधित का उपस्थिति प्रतिवेदन।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी

### अब फिर से नियुक्ति पर उठ रहे सवाल

ऐसे में श्रीमती झुमली आर्मो को एक बार फिर समग्र शिक्षा सर्वशिक्षा अभियान के छात्रावास (खलौड़ी) की वार्डन नियुक्त किए जाने से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश और आशंका दोनों व्याप्त हैं।

### नागरिकों का कहना है

"जो कर्मचारी हाल ही में अनियमितता के कारण उत्कृष्ट बालिका छात्रावास से हटाई गई हों, उन्हें पुनः नेता जी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास जैसे संवेदनशील पद पर नियुक्त करना बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और पोषण व्यवस्था के साथ गंभीर खिलवाड़ है।"

### पुनः जाँच हो और हो वैधानिक कार्रवाई

इस मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर जनता जिला प्रशासन से यह मांग कर रही है कि: श्रीमती झुमली आर्मो की पुनः नियुक्ति की पृष्ठभूमि की जांच की जाए। संबंधित अधिकारियों की भूमिका की समीक्षा की जाए। छात्रावास जैसे संवेदनशील संस्थानों में पदस्थापना हेतु सख्त मानदंड अपनाए जाएं। यदि पूर्व में की गई अनियमितताएं सिद्ध हैं, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। छात्रावासों की भूमिका बालिकाओं के जीवन निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में यदि पूर्व में दोषी ठहराई गईं वार्डन को पुनः पदस्थ किया जा रहा है, तो यह न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, बल्कि भविष्य में किसी भी संभावित घटना के लिए रास्ता भी खोल सकता है। जनहित में यह आवश्यक है कि जिला प्रशासन इस प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में ले और पारदर्शी ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित करे।

### इनका कहना है:-

*इस संबंध जानकारी नहीं थी, इस मामले को लेकर जांच कराते हुए वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।*

***विनीता सोनी***
***एपीसी (बालिका)***
***जिला शिक्षा केन्द्र, मण्डला***

*इस मामले में फिलहाल विभागीय स्तर पर कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। आवश्यक विभागीय जानकारी एकत्रित कर जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

***अनुविभागीय अधिकारी***
***(राजस्व), बिछिया***

## इनर व्हील क्लब मंडला ने बंगाली परंपरा में मनाया शारदेय नवरात्रि पर्व



*** गरबा और 'सिन्दूरा खेला' का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

इनर व्हील क्लब मंडला द्वारा शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य पूजन-अर्चन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर सभी सदस्याएं पारंपरिक बंगाली वेशभूषा में सुसज्जित होकर मां दुर्गा की आराधना में शामिल हुईं।

कार्यक्रम में देवी मां का विधि-विधान से पूजन एवं आरती की गई। इसके पश्चात सभी सदस्याओं ने मिलकर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बन गया। नवरात्रि के समापन अवसर पर बंगाली परंपरा के अनुसार 'सिन्दूरा खेला' का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने देवी मां को सिन्दूर अर्पित किया और एक-दूसरे को सिन्दूर लगाकर सुहाग की लंबी आयु की कामना की। इस दौरान सुहाग का पारंपरिक सामान भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती अनुराधा चौरसिया के द्वारा किया गया। उपस्थित सभी सदस्याओं ने बंगाली साड़ी पहनकर सांस्कृतिक एकता का सुंदर संदेश दिया। पूरे आयोजन में नारी शक्ति, भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इनर व्हील क्लब मंडला के इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि भारत की विविध परंपराएं एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्रीय एकता और महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

### थाना बीजाडांडी पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा हादसा



**नारायणगंज।** थाना बीजाडांडी क्षेत्र में दिनांक 04.10.2025 को एन.एच. 30 पर "माँ दुर्गा" प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के दौरान आईसर वाहन क्रमांक MP-20-ZY-2187 तेजगति से जबलपुर की ओर से मंडला की ओर आ रहा था जिसे चल समारोह ड्यूटी में तैनात थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडेय एवं पुलिस टीम द्वारा तत्परता से वाहन को रोका गया। वाहन चालक के ब्रेक फेल होने के बावजूद पुलिस टीम की सूझबूझ से वाहन को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जांच में चालक राजेश ठाकुर निवासी बरोदा, जिला जबलपुर नशे की हालत में पाया गया। चिकित्सीय परीक्षण में इसकी पुष्टि होने पर वाहन जब्त कर आरोपी के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं 185, 3/181, 130(3)/177 के तहत कार्रवाई की कर, लाइसेन्स निरस्तीकरण हेतु कार्रवाई की गयी।

### खैरी ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के खैरी ग्राम पंचायत में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष में किया गया जिसमें समस्त योजनाओं की सुविधा देने के लिए एक ही जगह पर एक ही छत के नीचे समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जाएगा जिससे ग्राम की जनता एवं ग्राम सभा सदस्यों में इस कार्य में की गई एवं आदिवासी परिवारों को अन्य स्थलों में बार-बार आने जाने से आने-जाने के लिए जो परेशानी हो रही थी वह अब दूर हो जाएगा समय समय पर उनको समस्त योजनाओं का लाभ दिया जाएगा ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के सभी पंच एवं गांव के जनपद निधि की उपस्थिति रही ग्राम सभा के दौरान लोगों को सभी योजनाओं की जानकारी एवं उनसे हो रही परेशानी को दूर करने के लिए समाधान केंद्र रूम में आदि सेवा केंद्र का प्रारंभ किया गया इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी रामाकांत मसराम सरपंच शांतिबाई हुकुम करते सचिव अनिल शर्मा उप सरपंच दीपक सोनी एवं समस्त की उपस्थिति रही।

## विशाल इनामी दंगल 7 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज

प्रतिवर्ष अनुस्वार किस वर्ष भी विगत 67 वर्षों की भांति अपनी गौरवशाला परंपरा को आगे बढ़ते हुए इस वर्ष भी दुर्गा व्यायाम शाला नारायणगंज के तत्वाधान में 7 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को विराट इनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है विगत वर्ष में 180 कुश्ती संपन्न हुई थी जिसमें विजेता पहलवान को नगद पुरस्कार शील्ड कप प्रदान किए गए थे इस वर्ष भी प्रथम पुरस्कार 15000 रूपये स्वर्गीय श्री नाथू लाल चौकसे के पुत्र संतोष कुमार चौकसे राजकुमार चौकसे द्वारा दिया जा रहा है द्वितीय पुरस्कार 10000 रूपये स्वर्ग सीताराम शर्मा के पुत्र संदीप शर्मा और सौरभ शर्मा द्वारा दिया जा रहा है तीसरा पुरस्कार 8000 रूपये स्वर्गीय श्री गुरमुख जसवानी स्वर्गीय श्रीमती पुतली देवी जसवानी द्वारा जीडी एंड संस स्वराज ट्रैक्टर मंडला द्वारा दिया जा रहा है ज्ञात होने की मंडला जिले का सबसे बड़ा विराट इनामी दंगल का आयोजन दुर्गा व्यायाम शाला द्वारा किया जा रहा है इस दंगल में मंडला जबलपुर सिवनी बमनी बंजर नैनपुर कटनी बरेला दमोह सागर उमरिया जमुनिया छपरा लखनादौन केवलारी इस्लामाबाद पड़वार घंसौर पुनिया गोरखपुर हिनोतिया गाडरखेड़ा बिल नगरी महिंद्रा कुटिल आमन नाला उदयपुर देवरी बामहनी बालाघाट बावलिया निवास धूमा हरियाणा भोपाल एवं अन्य जिलों के पहलवान अपना कौशल प्रदर्शन करने आते हैं विजेता पहलवानों को 301 रुपए से लेकर 10001 रुपए तक की कुश्ती होती हैं एवं कप शील्ड की व्यवस्था की जाती है यह विराट इनामी दंगल मंगल भवन ग्राउंड नारायणगंज में किया जा रहा है।

## नगर की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह के साथ देर रात्रि तक चलता रहा





*** पूरी रात नगर माता के जयकारे गूंजते रहे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

नगर की शेष दुर्गोत्सव का विसर्जन शनिवार द्वादशी तिथि को देर रात तक एनीकट कुंड ओर जलाशय बांध में किया गया इस अवसर पर नगर में देर रात तक चल समारोह डीजे बैंडबाजे आतिश बाजी चलती रही बाहर से आई डांस पार्टी आर्केस्ट्रा के चल समारोह में भजन के साथ डांस चलते रहे।

नगर भ्रमण डीजे बैंडबाजे धमाल की धुन में थिरकते ओर माता के जय करो के साथ नगर भ्रमण कराया गया पश्चात राममंदिर के सामने एनीकेट कुंड में आरती पूजा के बाद जल बिहार काराते हुए कुंड में माता की विदाई की गई।

नगर में लगभग 13 ,,14 स्थानो पर मां दुर्गा विराजमान थी जिसमें अधिकांश प्रतिमाओं का विसर्जन एनीकेट कुंड में किया गया ,वहीं कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन जलाशय बांध और तालाब में किया गया विसर्जन के दौरान नगर की प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त देखी गई थाना प्रभारी भीष्म तिवारी द्वारा नगर में सुरक्षा के अच्छे इंतजाम किए गए थे वहीं थाना प्रभारी स्वत व्यस्था पर ध्यान दें रहे थे।

चल समारोह के दौरान दोनों ओर घंटों ट्राफिक बंद रहा कभी एक तरफ तो कभी दोनों तरफ चल समारोह में हजारों की उपस्थिति देखी गई प्रशासनिक व्यस्था दूरस्थ होने के कारण पूरा समारोह शांति पूर्ण रहा।

मुक्ति मार्ग की महाकाली का विसर्जन शरद पूर्णिमा को किया जाएगा इस बीच प्रति दिन आरती पूजा के बाद रात्रि कालीन देवी जागरण किया जा रहा है प्रतिदिन आरती सैकड़ों लोग मात्र सुनने ओर दर्शन को आ रहे हैं।

**मोर्चा** | **संख्या के आधार पर हमें चाहिए हिस्सेदारी-विकास पटेल।**

# कर्मकांड ब्राह्मण का धर्म नहीं धंधा है

*** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग का अधिवेशन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नैनपुर




ओबीसी की जब आबादी 65% है तो हमारी हिस्सेदारी 14% तक क्यों बांधी जा रही है ओबीसी वर्ग तो देने वाला है लेने वाला अब कुछ नहीं है ओबीसी वर्ग में चेतना जागृत हो गई है और आप हम अपने अधिकार और हक की लड़ाई धर्म से दूर हटकर करेंगे बार-बार सत्ताधारी पार्टियों ने हमें धार्मिक आधार पर बताकर लड़ाया है और आज तक राज्य किया है पर आप ऐसा नहीं होगा ओबीसी वर्ग देश प्रदेश में 65% की आबादी से अधिक है तो हमें आरक्षण भी 52% से अधिक चाहिए! यह आरक्षण कोई रहम नहीं है यह हमारा हक है जब देश में संविधान निर्माता ने एसटी एससी को आरक्षण दिया तभी उन्होंने ओबीसी वर्ग बहुत ताजा संख्या को आरक्षण देने का प्रावधान धारा 340 पर किया था पर नेहरू जी ने इसके लिए अलग से समिति बनाकर इस कार्य को आगे बढ़ा दिया उसके बाद बार-बार ओबीसी समाज की जनसंख्या ना कर सरकार ने यह बताने का प्रयास किया है यदि ओबीसी वर्ग को उसकी वास्तविक जनसंख्या जातिगत आधार पर मिल गई तो फिर कुछ चंद लोग सरकार नहीं बना पाएंगे और ओबीसी ही सब कुछ होगा इसलिए उन्होंने यह गुमराह किया कि ओबीसी वर्ग का आरक्षण एस सी,एसटी खा गया पर जब ईडब्ल्यूएस को 50% आरक्षण की सीमा को लागने की बात आई तब इस विषय में विचार नहीं किया गया और सामान्य सुदामा वर्ग को तत्काल 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण दे दिया तब न्यायपालिका की 50% की सीमा कहां थी! ऐसे विचार ओबीसी वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल ने आज माद आम सभा में व्यक्त किया प्रातः आज लगभग 12:00 ओबीसी वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल और सुश्री कथा वाचक देविका पटेल का मंडला जिले की सीमा पर आगमन हुआ जहां कटरा में उनका भव्य स्वागत किया गया और उसके बाद रैली के रूप में कटरा मंडला पड़ाव होते हुए अंजनिया मांद तक ले जाया गया! सभा में कथा वाचिका सुश्री देविका पटेल ने अपनी बात रखती हो सभा में कथा वाचिका सुश्री देविका पटेल ने अपनी बात रखती हो कहा कि मैं जबलपुर जिले में कथा का कार्यक्रम कर रही थी वहां पर ब्राह्मण समाज के कुछ लोग आए और मुझे कहा की कथा का अधिकार तो केवल ब्राह्मणों का है आप नहीं कर सकती और आप करके देखिए कथा कैसे करेंगे तब ओबीसी वर्ग ने मेरा साथ दिया फिर एफ आई आर दर्ज हुई और प्रकरण बना क्या आप बताएं मेरा कथा करना गलत है मेरे साथ या हमारे ओबीसी वर्ग के साथ ऐसा इसलिए हो रहा है कि हम संगठित नहीं है आते जरूरी है हम संकेत हो और चंद लोगों के अत्याचार से शोषण से स्वयं को समाज को बचाएं ! वही मांड में हुए कार्यक्रम की प्रस्तावना कुंज बिहारी पटेल के द्वारा रखी गई उद्घाटन कब पटेल ने अपने वक्तव्य के साथ सर्व अतिथियों का स्वागत कर उनके बात सुनने के लिए समाज को प्रेरित किया वहीं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेश सोनी ने भी अपनी बात समझ के साथ पार्टी और बताया कि हमें भी आरक्षण की जरूरत केवल इसलिए है कि हमारे साथ भेदभाव हो रहा है हमारे परसेंटेज का कट ऑफ जनरल से ज्यादा होने के बाद भी हमें 14% में डालकर बाकी लोगों को 13 परसेंट फोल्ड कर दिया जाता है इससे हमारे ओबीसी समाज का युवा भविष्य सरकारी सेवा में आने से वंचित करने की यह सरकार की साजिश है आपने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ओबीसी हैं प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी हैं है 56 इंच के सीने वाले अब तो कुछ तरस खाओ यदि ओबीसी समाज से आपको यहां तक पहुंचाया है तो उसे उसका हक दो यदि ओबीसी समाज सत्ता दे सकता है तो सत्ता छीन भी सकता है!

## मण्डला पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



थाना नैनपुर में दिनांक 03.10.2025 को पीड़िता ने उपस्थित होकर छेड़छाड़ संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर थाना नैनपुर में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धारा में आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना नैनपुर द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर आरोपी इमरान खान पिता इम्तियाज खान, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 4 उमरिया, थाना नैनपुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसमें आरोपी द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया जिसे दिनांक 05.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मंडला के समक्ष पेश किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेवसिंह मुजलदा व थाना स्टॉफ की मुख्य भूमिका रही।

खबर संक्षेप

## भावना बिजोरिया ने किया का नाम रोशन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर की आईटीआई संस्था में अध्ययनरत छात्रा भावना बिजोरिया मध्यप्रदेश में आईटीआई परीक्षा 2024-2025 के प्रथम वर्ष की इंजीनियरिंग ट्रेड वेल्डर में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुये अपनी संस्था सहित अपना व माता पिता का नाम रोशन किया गया है। इस संबंध में छात्रा द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि वह वेल्डर ट्रेड की छात्रा हु और मैने जब एड्मिशन लिया तो कभी नहीं सोचा कि मैं अपने आई टी आई में ही नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में टॉप करुंगी हमारे प्रमुख रूप से मार्ग दर्शक प्रशिक्षण अधिकारी तुकाराम परतेती और शिवानन्द मिश्रा के द्वारा सैद्धांतिक और प्रायोगिक परीक्षा का ज्ञान दिया गया इसी का परिणाम है कि आज मैने प्रदेश स्तर पर सफलता हासिल की गई है।

## भावांतर योजना के तहत पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर, निर्धारित किये केन्द्र

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** किसानों द्वारा भावांतर योजना के तहत अपना अनाज विक्रय करने के लिये पंजीयन की तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वही केन्द्रो का निर्धारण किया गया है। इस संबंध में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि भावांतर योजना के तहत सोयाबीन फसल के किसानों का पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक किए जा रहे हैं। पंजीयन के लिए संपूर्ण जिले में कुल 24 सहकारी संस्थाएं और विपणन संस्थाओं में पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। किसान नजदीकी सहकारी समिति में जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा किसान ग्राहक सुविधा केन्द्र, एमपी किसान एप एवं एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के समय किसान अपने साथ आधार कार्ड, जमीन की पावती, समग्र आईडी, बैंक पास बुक व आधार लिंक मोबाइल नंबर जरूर लेकर जाएं। उप संचालक कृषि ने बताया कि भावांतर योजना के तहत गाडरवारा तहसील के अंतर्गत सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी के समिति परिसर खुलरी, सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा के समिति परिसर, सेवा सहकारी संस्था सिहोरा के समिति परिसर, सेवा सहकारी संस्था महगवां खुर्द के समिति परिसर , सेवा सहकारी संस्था चीचली के समिति परिसर, सेवा सहकारी संस्था बाबई कला के समिति परिसर, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव के समिति परिसर, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिंरिया के समिति परिसर और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर के समिति परिसर में पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार से सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था रम्पुरा के समिति परिसर और सेवा सहकारी संस्था सासबहू के समिति परिसर में पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं जहां पर किसान अपना पंजीयन करा सकते है। वही जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपेक्षा व्यक्त की है कि किसान भाई अपनी उपज का विक्रय के लिए नजदीकी पंजीयन केन्द्रों में पंजीयन अवश्य कराएं। पंजीयन कराते समय आवश्यक रूप से ध्यान दें कि ऐसे बैंक खाते को दर्ज करायें जिससे आसानी से बैंक खाते में भुगतान हो सके।

## हूटर लगी गाडियों का खुलेआम हो रहा दुरूपयोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर में आये दिन देखने मिल रहा है कि लोगों द्वारा जहां अपने वाहनों में मनमाने तौर से प्रशर हार्न लगाकर ध्वनि अधिनियम की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है? बही दूसरी ओर अनेक लोगों द्वारा अपने चार पाहिया वाहनों में यातायात नियमों को दर किनार करते हुए हूटर लगाकर मनमानी पर उतारू देखे जा रहे है? मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि इस प्रकार से मनमान तौर से हूटरों का हो रहे दुरूउपयोग को लेकर स्थानीय शासन प्रशासन पूर्ण रूप से नजर अदांज कर रहा है।

# सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका तक बनी हुई सड़क पर निकल रही राडें वाहन चालकों के लिये बन रहा खतरा, चंद वर्ष पहले ही हुआ है इस सड़क का निर्माण









हरिभूमि न्यूज/ बारहाबडा।

भले ही देश व प्रदेश में बैठे हुये नेताओं द्वारा लगातार बढ रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये कितने ही प्रयास क्यों न किये जावे। मगर यदि प्रशासन तंत्र में बैठे हुये छोटे से लेकर बड़े अधिकारी शामिल हो तो शायद ही इस पर अंकुश लग पाना संभव नही हो पता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम सूखाखैरी से होते हुये बारहाबड़ा से निकलकर सालीचौका पौड़ार तिरहा तक लगभग 76 करोड़ रूपया की राशि से लगभग चंद वर्ष पहले बनाई गई सीमेन्ट सड़क में देखने मिल रहा है..? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य हुये लगभग मुश्किल से तीन से चार साल का समय ही निकला होगा और यह सड़क जहां तहां जिस तरह टूटते हुये पुलियों के बीचों बीच निकल रही लोहे की राडे वाहन चालको की जिन्दगी को खतरा पैदा तो कर ही रही है दूसरी ओर इस सड़क के निर्माण कार्य में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी को उजागर करने से नही चूक रही है? वही दूसरी ओर सड़क निर्माण से संबंधित उन अधिकारियों की पोल भी खुलने से नही चूक पा रही है कि आखिरकार उनके द्वारा जिस आधार पर इस सड़क निर्माण कार्य को लेकर अपनी संतुष्टि प्रदान करते हुये कार्य को सही बताते हुये निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान कर डाला है..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के दौरान ही जिस तरह गफलत बाजी दिखाई देना शुरू हो गया था उस सच्चाई को को हरिभूमि द्वारा लगातार प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। मगर इसके बाद भी इस ओर किसी भी अधिकारी द्वारा ध्यान देना उचित नही समझे जाने से लग रहा है कि शायद लक्ष्मी पूजन के आर्शीवाद के चलते अधिकारी भी मग्न हो चुके है? वैसे भी यदि इस सड़क निर्माण कार्य की सच्चाई पर गौर किया जावे तो शुरूआती तौर से ही इस सड़क के निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता पर सबाल खड़े होने लगे थें? जब सड़क के निर्माण कार्य की शुरूआत करते हुये वक्त कुछ पुलियों का निर्माण कार्य ही हो पाया था कि और ग्राम बारहाबड़ा के पास निर्माणाधीन एक पुलिया निर्माण के दौरान ही धराशाही हो जाने के कारण उसमें काम करने वाले कुछ मजदूरों को चोटे भी आई हुई थी। वही दूसरी ओर इस सीमेन्ट सड़क निर्माण के दौरान की धराशाही हुई पुलिया ने जहां सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सबाल खड़े कर दिये गये थें। इस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता की कहानी को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर करते हुये संपूर्ण सच्चाई से अधिकारियों को समय समय पर अवगत कराया जाता रहा है। मगर कहा जाता है कि जहां लक्ष्मी पूजन का प्रभाव होता है वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों को भी आम के पेड़ में इमली लगी हुई दिखाई देने से नही चूक पाती है और शायद यही हाल इस सड़क के निर्माण कार्य की देख रेख में लगे हुये जिम्मेदार अधिकारियों का देखने मिला है जो सड़क निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता को निर्माण के दौरान पूर्णरूप से नजर अंदाज करते हुये निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को अपनी ओर से छूट प्रदान करने से नही चूके होगे जिसके चलते यह सड़क जहां निर्माण के चंद वर्ष के अंदर ही जहां तहां से टूटते हुये नजर आने लगी थी और इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को अपनी ओर से प्रदान किये गये संतुष्टि प्रमाण पत्र के चलते निर्माण कार्य का भुगतान हो गया और अपने निर्माण के चंद यानि की मात्र तीन चार साल के अंदर ही यह सड़क जहां तहां से टूटने के साथ पुलियों की और निकल रही लोहे की राड़े वाहन चालकों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर लगभग 76 करोड़ की लागत से बनी हुई इस सड़क मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात साबित होने से नही चूक रही है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस सोच के चलते क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं द्वारा इस क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान को रखते हुये दिन रात एक करते हुये इस सड़क को स्वीकृत कराने के बाद शासन द्वारा इस सड़क निर्माण के लिये करोड़ो रूपया खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर संबंधित विभाग से जुडे हुये अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर जिस प्रकार शासकीय धन की होली खेलते हुये सड़क का निर्माण कार्य किया था और वह सड़क जब अपने निर्माण के चंद वर्ष भी नही चल सकी तो फिर यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि इस सड़क के निर्माण में हुई गफलत की मलाई में कितने हिस्सेदार रहे होगे की लगातार आवाज उठाये जाने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही नही हो सकी और करोड़ो की राशि की खुलेआम होली खेले जाने के कारण क्षेत्र की जनता को परेशानियों का सामना करते हुये अपनी जिन्दगी को खतरे में डालने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है..? यदि सड़क निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की निष्ठा के साथ जांच कराई जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी और इस विभाग के जुडे हुये उन अधिकारियों से लेकर क्षेत्र की छुटभैया नेताओं के चेहरे भी उजागर हो जावेगे जो इस प्रकार गुणवत्ता को दर किनार सड़क निर्माण का कार्य करने वाली कंपनी को अपना अघोषित रूप से संरक्षण देने से नही चूके है..?





## सड़कों पर घुमने वाले पशु लगातार बन रहे सड़क दुर्घना का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लोगों द्वारा जिस तरह अपने घरों में पशुओं का दूध निकलते हुये सड़को पर खुला छोड़ने का परिणाम है कि वह वाहनों की चपेट में आने के कारण बेमौत करते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर वाहन चालकों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से भी नही चूक पा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई कुछ दिनों पहले समीपस्थ ग्राम चिरहकला के पास देखने मिली थी जब सड़क पर बैठे हुये गौवंश के ऊपर एक डम्फर चढ़ जाने के कारण आधा दर्जन गौवंश की मौत होने के चलते समाजसेवियों द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन सौपते हुये सड़को पर बैठने वाले पशुओं को व्यवस्थित करने की मांग की गई थी। मगर इन पशुओं की किसी तरह से कोई व्यवस्था नही होने का परिणाम है कि वह आये दिन सड़को पर डेरा जमाये हुये वाहन चालको को जिन्दगी को खतरे में डालते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार को उस समय देखने मिली जब एक युवक अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एम पी 49 एमएस 0691 पर सवार होकर गाडरवारा से कौड़िया की ओर जा रहा था। डमरूघाटी के सामने मुख्य मार्ग पर बैठे हुये गौवंश से टकरा जाने के कारण जहां मौके पर एक गौवंश की मौत हो गई तथा दो अन्य गौवंश घायल होने के साथ साथ बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल होने के चलते उसे उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर किये जाने की खबर है..? घायल युवक समीपस्थ ग्राम गगनवाड़ा निवासी बताया जाता है।

# माँ दुर्गा की शक्ति को नमन...जगत जननी के आशीर्वाद से भक्त कर लेते हुये त्रिशूल आर पार





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

जब किसी व्यक्ति के पैर में जरा सा कांटा लग जाता है तो उसका कई दिनों तक चल पाना भी मुश्किल हो जाता है तो दूसरी ओर जब बीमारी के दौरान डाक्टरों द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाया जाता है तो उसकी भी दहशत रहती है..? मगर वही दूसरी ओर माँ दुर्गा की शक्ति इस तरह से होती है कि उनके भक्तों को जब भाव आते है तो वह माँ भगवती का नाम लेकर एक भारी भरकम त्रिशूल को अपने गाल के आर पार करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर अनेक भक्तो को लोहे की कीलों से बनी हुई पटली पर नंगे पैर खड़े होकर नृत्य करते हुये तक देखा जाता है। कुछ इसी तरह की सच्चाई इस समय नगर सहित क्षेत्र के गांवों में शारदेय नवरात्र के दौरान स्थापित किये जबारों में विसर्जन के दौरान देखने मिल रहा है। वैसे तो अधिकांश जगहों पर दुर्गा प्रतिमाये व जबारों का विसर्जन शुक्रवार व दूसरे दिन शनिवार को हो गया है। वही क्षेत्र में कुछ जगहों पर स्थापित किये गये जवारों का विसर्जन कार्यक्रम तीसरे दिन भी चलते हुये देखा गया। इस तरह नगर में लोगों द्वारा अपनी मन्नते पूर्ण होने के चलते घरों में स्थापित किये जवारों का विसर्जन करने के लिये प्रतिदिन नगर की सड़को से जुलूस निकलते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर जुलूसों में शामिल पंडा लोगों द्वारा जिस तरह अपने गाल से लेकर जीभ में त्रिशुल आर पार करते हुये नृत्य करते हुये देखा जाता है तो निश्चित तौर लोगों के दिलों में माँ दुर्गा की शक्ति को नमन करने से नही चूकते है..। क्योंकि दुनियों में माँ भगवती से बढ़ी दूसरी शक्ति नही होती है और उनकी शक्ति का प्रभाव इस तरह से रहता है कि भक्त लोग लोहे की कील पर खड़े होने के बाद भी माँ अपनी भक्तों को दर्द का अहसास नही होने देते है। इस तरह इस समय चल रहे जवारा विसर्जन के दौरान शहरों से लेकर गांव गांव देखने मिल रहा है जहां पर मातारानी की भक्ति में लीन भक्तों द्वारा अनोखा प्रदर्शन करने से नही चूक रहे है।

# जुआरी सटोरिया आये पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जुंआरी सटोरियों के खिलाफ पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिनों पुलिस ने अलग अलग जगहों से जुंआरी व सटोरियों को पकड़ा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम झांझनखेड़ा पानी टंकी के पास चल रहे जुंआ फड पर छापा मारा गया तो मौके दीपक पिता मंशराम वर्मा उम्र 32 साल निवासी पंचवटी कालोनी गाडरवारा, योगेन्द्र पिता रामधार कौरव उम्र 32 साल निवासी खैरी कामती को ताश पत्तो पर हार जीत का दांव लगाते पकड़े गये। वही मौके से सुरेन्द्र पिता लल्ला कौरव निवासी ग्राम झांझखेड़ा के खिलाफ पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया। वही मौके से 1300 की राशि जप्त की गई। इसी प्रकार से सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम सूरना में अनूप पिता प्रहलाद कौरव उम्र 46 साल, संदीप पिता सत्य नारायण कौरव उम्र 49 साल, राधे लाल पिता मानसिंह कौरव उम्र 42 साल, शिव कुमार पिता मुन्ना लाल कौरव उम्र 28 साल, पवन पिता राम सेवक कौरव उम्र 40 साल पांचो निवासी ग्राम सूरना तथा दिनेश पिता संतोष मेहरा उम्र 30 साल निवासी ग्राम भौरझिर को जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्तो वह नगदी 6120 रूपया नगदी जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ जहां 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी प्रकार से सटोरियों के खिलाफ की गई कार्यवाही में सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम खुलरी में वही के निवासी जितेन्द्र पिता देवेन्द्र रजक उम्र 28 साल के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 335 जप्त किये गये। वही समीपस्थ चीचली थाना प्रभारी संग्राम सिंह द्वारा सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा बगीचा में वही के निवासी अरविंद पिता राजू विश्वकर्मा उम्र 25 साल अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 310 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से नगर के चीचली तिरहा के पास रिंकु पिता चेन सिंह विश्वकर्मा निवासी इन्द्रा कालोनी को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास पट्टी सहित नगदी 300 रूपया जप्त किये गये। वही प्रकाश उर्फ राजू पिता अशोक नौरिया निवासी गांधी वार्ड के पास से भी पुलिस ने सट्टी व नगदी 410 रूपया तथा समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पुरगंवा बस स्टेन्ड के पास यशवंत पिता लाल सिंह कुशवाहा को भी अवैध रूप से सट्टा पट्टी के साथ पकड़ते हुये उसके पास से सट्टा पट्टी व नगदी 310 रूपया व नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड में मनीराम पिता झडलाल रघुवंशी के पास से भी सट्टा पट्टी सहित नगदी 410 रूपया तथा नगर के चुग्गी नाका के पास रज्जन पिता अली मशुरी उम्र 44 साल निवासी नया बस स्टेन्ड के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 420 रूपया व नगर के छिडाव घाट पास अभिषेख पिता डालचंद सोनी उम्र 35 साल निवासी नरसिंह वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 620 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा नगर के केशवानंद में ओम प्रकाश पिता जग्गनाथ नाथ उम्र 55 साल को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 310 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 4 क सट्टा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## मानव सेवा समिति द्वारा लगाये गये निःशुल्क उपचार शिविर में मिला 115 मरीजों को लाभ

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मानव सेवा समिति कान्हरगाव के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये हर माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार से बीते हुये रविवार



को भी किया गया। समिति के 74 वें कैम्प में 4 शहरो के आलवा 24 गावों के लगभग 115 मरीजों ने पहुंचकर अपना उपचार करवाया। इस दौरान समिति द्वारा सभी मरीजों को पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये कागजों के पैकिटों में निःशुल्क रूप से दबाईयों का वितरण किया गया। इस शिविर में मरीजों का उपचार करने के लिये महिला रोग विशेषज्ञ डा. स्वाती कुरचानिया, डाक्टर संजय मोदी, शिशु रोग विषेशज्ञ डाक्टर अरूण दोहरे, डाक्टर दुर्गेश पटेल, डाक्टर करूणा मालवीय के आलवा सहयोगी के रूप में राहुल गिरी गोस्वामी, नीलेश कुशवाहा, आकाश रजक, प्रशांत सोनी सहित मानव सेवा समिति कान्हरगांव के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान कि। आयोजित मेडीकल कैम्प में भोपाल, रायसेन, जबलपुर, होशांगाबाद, धनौरा, सूखाखेरी, थलबाड़ा, भूतखेड़ा, इमलिया, वगलई ,दिघोरी, दुरसुरू, पतलोन, खेरी कामती, गाडरवारा, गोटीटोरिया, बारहाबड़ा, चीचली, दहलबड़ा, महगवां खुर्द सहित अनेक गावों के मरीज उपस्थित रहे।

## हम तो मरेगे ही सलम मगर तुम को भी ले डूबेंगे

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर इस समय सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की गति पर अंकुश न लगने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होना आम बात होती चली जा रही है। मगर वही कुछ वाहन चालकों द्वारा देखा जाता है कि वह इस प्रकार की लापरवाही का परिचय देते है जिसके चलते वह खुद की जिन्दगी को तो खतरे में डालते ही है साथ ही साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे से डालने से नही चूकते है। इस सच्चाई को देखते हुये लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि भैया हम तो मरेगे ही सनम मगर तुम को भी ले डूबेगे....?









## खबर संक्षेप

### अभियान खत्म, समस्याएं बरकरार: बजाग का वार्ड 14 बना गंदगी का अड्डा



**डिंडौरी।** स्वच्छता को लेकर भले ही शासन द्वारा अनेक अभियान व योजनाएं चलाई जा रही हो। पर लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बया करती है स्वच्छता के लिए बनाई गई योजनाएं व अभियान कागजो तक सिमट कर ही रह गई है। गली मोहल्ले में जाकर देखने पर वास्तविकता कुछ और ही नजर आती है। ऐसा ही एक मामला विकासखंड मुख्यालय बजाग के वार्ड क्रमांक 14 का सामने आया है। जहां पर करीब आधा दर्जन परिवार गंदगी के बीच में गुजारा करने को मजबूर हैं। आलम यह है, कि बजबजाती गंदगी भरे माहौल में लोगों की दिनचर्या गुजर रही है सड़क पर पानी भरा है नालियां चोक है मच्छरों की भरमार है, अब आप अंदाजा लगा सकते है ऐसी स्थिति में कि वार्ड वासी कैसे गुजर बसर कर रहे होंगे। जिम्मेदारों को इस परेशानी से अवगत भी कराया गया है परंतु स्वच्छता का सेवा पखवाड़ा अभियान चलाकर भी इस वार्ड की गंदगी साफ नहीं करा पाए। हैरानी की बात यह है कि बीते दिनों स्वच्छता ही सेवा अभियान का खूब ढोल पीटा गया। पंद्रह दिवस का सफाई अभियान चलाया गया। लेकिन शायद यह वार्ड अभियान की सूची में दर्ज नहीं था। वार्ड वासी संतोष श्रीवास्तव, सोमनाथ साहू, संतोष ठाकुर ने बताया कि कई बार सरपंच सचिव एवं जनपद पंचायत सीईओ सहित सीएम हेल्प लाईन में शिकायत की गई है। तब भी आज पर्यंत तक किसी भी जिम्मेदार ने समस्या का समाधान नहीं किया। सुन्नू भोला का कहना है मोहल्ले की नाली में कभी साफ सफाई नहीं होती जिसके चारों ओर बदबू फैलती है। सड़क में गड्ढे होने की वजह से नाली का पानी सड़क पर ही रुक जाता है गंदा पानी जाने का रास्ता ही नहीं है। जिससे आवागमन बंद है एवं मोहल्लेवासी बदबू, गंदगी मच्छरो से परेशान हैं। उन्हे अपने बच्चों के हमेशा बीमार होने का भय बना रहता है। बारिश के दिनों में समस्या कुछ ज्यादा विकराल हो जाती है। और यह परेशानी हर साल बनी रहती है वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए। वार्ड की साफ सफाई और नाली की गंदगी को साफ कराने की कार्यवाही की जावे ताकि लोगों को साफ सुथरी व्यवस्था में उपलब्ध हो सके। आगामी कुछ ही दिनों के बाद दीपावली का त्यौहार है इसके पहले क्षेत्र की साफ सफाई और व्यवस्था को ठीक किया जाए ताकि स्वच्छता अभियान का लाभ लोगों को मिल सके और शासकीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच सके।

### 8 अक्टूबर को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

**उमरिया।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का प्रारूप प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जाना है । जिसके संबंध में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 8 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है । बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### पनपथा रेंज के सलखनिया बीट में गश्ती के दौरान मिला बाघ का शव

**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अनुपम सहाय ने बताया कि पनपथा रेंज की सालखानिया बीट में गश्ती के दौरान बाघ का शव मिला है। उन्होंने बताया कि एनटीसीए गाइडलाइंस का पालन करते हुए समस्त कार्यवाही की गई है।

## न हादसे थमे, न राहत मिली: हिट एंड रन पीड़ितों को अब तक इंतज़ार

# 16 की मौत, 11 गंभीर, किसी को नहीं मिला मुआवजा

**डिंडौरी।**



सरकारी सिस्टम की लापरवाही और प्रावधानों की जानकारी के अभाव में पीड़ित पक्षों को जिले में हिट एंड रन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अज्ञात वाहनों की टक्कर से अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 11 लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। लेकिन इनमें से किसी को भी अभी तक योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि उपलब्ध नहीं हो पाई है।जबकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक हिट एंड रन मामलों में पीड़ित पक्ष को दो माह के अंदर सहायता राशि मुहैया कराना अनिवार्य है।बाबजूद इसके जिले में अभी तक इसमें अमल नहीं हो पा रहा है। इसका एक कारण पिछले एक साल से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नहीं होना भी है। गौरतलब है कि पूर्व में योजना में तहत हिट एंड रन मामले में घायल होने पर 12 हजार 500 तथा मौत होने पर पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती थी। लेकिन वर्ष 2022 में सरकार ने मुआवजे की रकम में इजाफा करते हुये घायल को 50 हजार तथा मृतक आश्रित को दो लाख रुपये सहायता राशि का प्रावधान कर दिया है। इसके तहत पीड़ित अथवा उसके परिजनों द्वारा पुलिस में एफआईआर दर्ज करने का नियम है।

**जिले में 16 मौतें शहपुरा में ही चार:** जिले में वाहनों से टक्कर मारकर भागने वाले मामले में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आंकडों पर गौर करें तो मार्च 2023 से जून 2025 के बीच 09 माह में 16 हिट एंड रन के केस दर्ज किये गये हैं। जिनमें 16 लोगों की मौत हुई है, जबकि 11 गंभीर रूप से घायल हुये हैं। आंकडों के मुताबिक मार्च 2024 में 03, अप्रैल 2024 में 01, मई 2024 में 01, अक्टूबर 2024 में 01, नवम्बर 2024 में 01, दिसम्बर 2024 में 01, तीन मार्च 2025 से एक मई 2025 में 01, जून 2025 में 04, हिट एंड रन से जुडे हादसे हुये हैं। इनके शहपुरा थाना अंतर्गत 04, गाडासरई और डिंडौरी कोतवाली अंतर्गत 03-03, एवं बजाग शाहपुर और करंजिया थाना में 02-02 प्रकरण दर्ज हैं।

**यह है प्रक्रिया**

हिट एंड रन केस के प्रावधानों के मुताबिक सड़क हादसे की तिथि से 30 दिन तक टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की खोजबीन की जाती है। लेकिन अज्ञात वाहन की पतासाजी नहीं होने की दषा में पुलिस मुआवजा प्रकरण को संबंधित तहसीलदार को प्रेषित करती है। जिसके बाद तहसीलदार द्वारा पटवारी से मौका पंचनामा तैयार करवाया जाता है। जिसको एसडीएम की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर न्यायालय को प्रेषित जाता है। जहां से मुआवजा राषि हेतु प्रकरण संबंधित बीमा कंपनी को भेजे जाने का प्रावधान है। योजना के तहत मृतक के आश्रित को 2 लाख एवं गंभीर घायल को 50 हजार की राषि उपलब्ध कराई जाती है। इस बावद सुप्रीम कोर्ट के निर्देष है, कि प्रभावित पक्ष को दो माह के अंदर मुआवजा प्रदान करना आवश्यक है, लेकिन जिले में 2023 से वर्तमान तक किसी भी प्रकरण पर मुआवजा राषि जारी नहीं की गई है।

**साल भर से सडक सुरक्षा की बैठक नही**

हिट एंड रन केस में प्रभावित पक्ष को मुआवजा राषि उपलब्ध होने में देरी का प्रमुख कारण पिछले एक साल से सडक सुरक्षा समिति की बैठक आहूत नहीं होना भी है। कलेक्टर की अध्यक्षता वाली इस समिति में पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर परिषद अधिकारी, रोड एजेंसी और यातायात पुलिस की मौजूदगी में चर्चा की जाती है, और प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। लेकिन पिछले साल से उक्त बैठक नहीं होने से पीड़ित पक्ष मुआवजा से वंचित है।

**इनका कहना है**

यह गंभीर विषय है हिट एंड रन केस का अवलोकन निरंतर किया जावेगा। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आहूत की जावेगी।

**अंजू पवन भदौरिया**
**कलेक्टर डिंडोरी**

# ग्राम सभा में नहीं पहुंचे अधिकारी, ग्रामीण करते रहे इंतजार

**डिंडौरी ।**



जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरखपुर में शनिवार को आयोजित ग्रामसभा में विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही का मामला सामने आया हैं। पंचायत भवन में ग्रामसभा के लिए एक दिन पूर्व पंचायत पदाधिकारियों के निर्देश पर ग्राम कोटवार ने मुनादी भी की थी। कस्बावासी अपनी समस्या के निदान के लिए पहुंचे तो देखा कि ग्राम सभा में न तो नोडल अधिकारी मौजूद हैं और न ही विभागीय अधिकारी कर्मचारी। लोगों के पूछने पर भी उन्हें संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। कस्बा के लोग दिनभर अधिकारी कर्मचारियों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। आखिरकार जिम्मेदारों की गैर मौजूदगी के कारण ग्राम सभा की बैठक को निरस्त कर दिया गया। इससे स्थानीय नागरिकों में काफी आक्रोश देखा जा रहा हैं।

**समय हुआ बर्बाद, व्यवस्था पर उठे सवाल:** ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन ने आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों सहित शासन की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए ग्रामसभा का आयोजन किया जाता है। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीण और मौजूद सरकारी तंत्र से सीधा संवाद करते हुये जहां समस्याओं का निराकरण के लिए चर्चा की जाती है, वहीं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए ऐजेंडा तैयार किया जाता है। लेकिन ग्राम सभा का आयोजन नहीं होने से ग्रामीण शासन की योजनाओं की जानकारी से वंचित रह गये वहीं अपनी समस्याओं को भी प्रषासन तक नहीं पहुंचा सके। आलम यह था कि ग्राम सभा की बैठक में पंचायत सचिव और रोजगार सहायक भी मौजूद नहीं रहें, जबकि यह दोनों पद आम आदमी के लिए महत्वपूर्ण कड़ी हैं। केवल आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य विभाग से आशा कार्यकर्ता और सरपंच मौजूद रहीं। बहरहाल ऐसे में सरकार की मंशानुरूप कैसे काम किया जाएगा इस पर सवाल उठ रहे हैं।

**ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग:**

सरकारी तंत्र के गैरजिम्मेदाराना रवैया से परेशान कस्बा के लोगों ने अब यह सवाल उठाया हैं कि वे अपनी समस्याओं का निदान कराने के लिए किसे बताएं। विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पानी, सड़क, शिक्षा, पेंशन, सरकारी दस्तावेजों में सुधार आदि के लिए किससे गुहार लगाएं। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए, स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेने और अनुपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो और ग्रामसभा की महत्ता बनी रहे। साथ ही, यह भी मांग की है कि जल्द ही अगली ग्रामसभा की तिथि तय की जाए और सभी जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

**इनका कहना है**

शासन की योजनाओं की जानकारी से अवगत होने और अपनी समस्या लेकर ग्राम सभा में पहुंचे थे, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण ग्राम सभा की बैठक स्थगित कर दी गई। अगली बैठक शीघ्र की जायेगी।

**रामेश्वरी माकों**
सरपंच ग्राम पंचायत गोरखपुर

## मेले में नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई, पॉलिथीन जब्त कर लगाया जुर्माना



**डिंडौरी।** शासन के निर्देशानुसार प्लास्टिक मुक्त डिंडौरी बनाये जाने के संकल्प अभियान के अंतर्गत कलेक्टर के निर्देश और सीएमओ डिंडौरी अमित तिवारी के मार्गदर्शन में शनिवार को शहर में प्लास्टिक मुक्त विशेष अभियान चलाकर पॉलीथिन के उपयोग व विक्रय करने पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मीनाक्षी गार्डन में लगे मेला के दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनके पास से तीन किलो 400 ग्राम पॉलीथिन जब्त कर 1200 रुपये जुर्माना किया गया। नगर परिषद टीम द्वारा लगातार बाजार क्षेत्र व वार्डों में निरीक्षण करते हुए दुकानदारों और रहवासियों को पॉलीथिन का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। टीम ने यह भी स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण और मां नर्मदा को प्रदुषण मुक्त करने के साथ स्वच्छ बनाए रखने के लिए पॉलीथिन पर रोक अत्यंत आवश्यक है। सीएमओ ने बताया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाते हुए डिंडौरी शहर को पूर्णतः पॉलीथिन मुक्त बनाये जाने का संकल्प है। नगरवासियों से अपील की गई है कि शहर आप सभी का है कृपया इस मुहिम से जुड़कर शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाये जाने में निकाय का सहयोग करें। साथ ही पॉलीथिन का उपयोग बंद कर पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों कपड़े, जूट व. पेपर बैग का प्रयोग करें। उक्त कार्यवाही में निकाय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मैया अभियान के तहत डेम घाट में की गई साफ-सफाई



**डिंडौरी।** मैया अभियान अंतर्गत रविवार नगर के मुख्य डेम घाट में सेवादारों ने स्वच्छता सेवा की। प्रतिदिन सैकड़ो संख्या में श्रद्धालु डेम घाट में पूजा अर्चना एवं श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं। डेम घाट में फैले दोना पत्तल, पूजन सामग्री, प्लास्टिक पन्नियों को उठाकर कचरा गाड़ी में एकत्रित किया गया एवं पूरे घाट में झाडू लगाकर सफाई की गई। विदित है कि मैया अभियान लगभग 3 वर्षो से लगातार जारी है इसमें सरकारी कर्मचारी, विद्यार्थी एवं नगरवासी स्वेच्छा से प्रत्येक रविवार प्रातः 7 बजे से श्रम दान करते हैं। स्वच्छ्ता सेवादार डॉ संतोष परस्ते जिला आयुष अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र से आरपी कुशवाहा, शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित, प्रभारी प्राचार्य शाहिद खान, गणेश गवले पशु चिकित्सा अधिकारी, प्रयास कोचिंग मनोज चैकसे, रक्त देवदूत भागवत यादव, शिक्षक जगदीश श्याम, अमर सिंह परमार, राजेन्द्र उपाध्याय ,विद्यार्थी माही बोरोतिया, अवध गोहिया, याथार्त यादव, संतोष परमार ने नर्मदा सेवा में योगदान देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

## प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर जिले में छापेमारी, मेडिकल स्टोर्स पर जांच

**डिंडौरी।** कलेक्टर के आदेशानुसार गठित टीम द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशन में तहसीलदार डिंडौरी, औषधि निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक द्वारा मेडिकल स्टोर्स में हानिकारक कफ सिरप कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री के संबंध में रविवार को सघन जांच की गई। जिसमें धन्वंतरि मेडिकल स्टोर पुरानी डिण्डोरी, मदीना मेडिकल स्टोर पुरानी डिण्डोरी, भद्दू भैया मेडिकल स्टोर बस स्टैंड डिंडौरी में कफ सिरप के बैच नंबर बिल इत्यादि देखे गए कही भी शासन द्वारा बैन बैच नंबरों वाले कफ सिरप का होना नही पाया गया। गौरतलब है कि विगत दिनों मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप पीने से कई बच्चों की मौत का दुखद मामला सामने आया है। छिंदवाड़ा के परासिया क्षेत्र में अब तक 11 बच्चों की मौत होने की खबर है। इन बच्चों की मौत कथित तौर पर किडनी फेलियर के कारण हुई। जिस कफ सिरप को मौतों से जोड़ा गया है, उसका नाम कोल्ड्रिफ कफ सिरप है। कफ सिरप के नमूनों की लैब जांच में उसमें डायएथिलीन ग्लाइकॉल नामक जहरीला केमिकल अधिक मात्रा में पाया गया, जिसकी मात्रा 48.6 प्रतिषत तक थी। यह पदार्थ स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होता है और इससे किडनी और लीवर फेल हो सकते हैं। यह सिरप तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स द्वारा निर्मित है।

**गाड़सरई में भी की गई कार्रवाई:** गाड़ासरई स्थित चैरसिया मेडिकल स्टोर ज्योति मेडिकल सरकार मेडिकल वंदना मेडिकल श्रीराम मेडिकल सत्यम मेडिकल में जाकर शासन द्वारा प्रतिबंधित दवाई कोल्डरिफ एवं नेक्स्ट्रो डीएस सिरप की क्रय विक्रय एवं संधारण की जांच की गई। जांच में उक्त प्रतिबंधित सिरप नहीं पाया गया। मेडिकल संचालकों से कथन लिया गया कि यदि उक्त प्रतिबंधित सिरप पाया जाता है तो उन पर कार्यवाही की जावेगी। जांच के समय भारत सिंह बाटे तहसीलदार बजाग वसीम कुरैशी पटवारी गाड़ासरई डॉ चंद्रशेखर टेकाम मेडिकल ऑफिसर गाड़ासरई शैलेन्द ठाकुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गाड़ासरई उपस्थित रहे।

**सरकार और प्रशासन की कार्यवाही**

बच्चों की मौत की खबर और लैब रिपोर्ट सामने आने के बाद सरकार ने त्वरित कार्रवाई की है। मध्य प्रदेश सरकार ने तुरंत प्रभाव से 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप की बिक्री और वितरण पर पूरे राज्य में रोक लगा दी है। इसके साथ



ही, सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स के अन्य सभी उत्पादों की बिक्री पर भी बैन लगा दिया गया है।

**स्टॉक सील करने के निर्देश**

राज्य औषधि नियंत्रक ने कोल्ड्रिफ सिरप के सभी उपलब्ध स्टॉक को तुरंत सील करने और आगे के आदेश तक न तो बेचने और न ही नष्ट करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को राज्य भर से सिरप के अतिरिक्त सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में डिंडोरी कलेक्टर द्वारा जिले की दवा दुकानों की जांच हेतु टीम गठित करने के निर्देश दिए गए जिस पर तत्काल कार्यवाही कर गठित दल द्वारा मेडिकल स्टोरों की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# सांस्कृतिक झलकियों के प्रदर्शन के साथ हुआ मां दुर्गा विसर्जन



**डिंडौरी।** नवरात्र पर्व के आयोजन उपरांत बजाग एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में तीन दिनों तक विसर्जन का दौर जारी रहा है इसी क्रम में पडरिया डोंगरी के शारदा मंदिर में विराजित मां जगत जननी की प्रतिमा का शनिवार को धूम धाम से विसर्जन हुआ। इस मौके पर सांस्कृतिक झलकियों के साथ चल समारोह निकाला गया मातारानी की विदाई के अवसर पर भव्य धार्मिक जुलूस में उत्तराखंड देहरादून से आए लगभग पंद्रह कलाकारों के दल ने विभिन्न तरह के नृत्य कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। विसर्जन के अवसर पर कलाकारों द्वारा चल समारोह में राधाकृष्ण की लीला, शिव पार्वती, मां काली की महिमा, अघोरी नृत्य, सहित अन्य धार्मिक नृत्य की झलकियां प्रस्तुत की गई ।

जिसे देखने नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग उमड़ पड़े तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मां जगदंबे की विदाई में शामिल हुए। चल समारोह दोपहर से आरंभ होकर शाम तक चलता रहा। जुलूस भ्रमण के दौरान उत्तराखंड के कलाकारों द्वारा जगह जगह कई स्थानों पर मनमोहक धार्मिक नृत्य के कार्यक्रम पेश किए गए। जिसे देखकर लोग गदगद हो गए। पूजा आरती के बाद मां अम्बे की प्रतिमा का विसर्जन चकरार नदी में किया गया।

# शासकीय आईटीआई डिंडोरी में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

**डिंडोरी।** शासकीय आईटीआई डिंडोरी में रविवार को वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर रूद्रेश परस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष डिंडोरी ने शिरकत की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभाष उइके, थाना प्रभारी यातायात, संस्था प्रमुख ओम शरण जांगड़े, आरपी कुशवाहा नेहरू युवा केंद्र डिंडोरी एवं इमरान खान, प्लेसमेंट अधिकारी, हरिहर पाराषर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा



पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ समारोह की औपचारिक शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि रूद्रेश परस्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि तकनीकी शिक्षा आज के युग की रीढ़ है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आईटीआई जैसे संस्थान ग्रामीण अंचलों के युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर रहे हैं, जिससे वे न केवल अपने भविष्य को उज्ज्वल बना रहे हैं बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान दे रहे हैं। थाना प्रभारी सुभाष उइके ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय की पाबंदी और नैतिकता के महत्व पर प्रेरक विचार रखे। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत और ईमानदारी सर्वोपरि है। वहीं हरिहर पाराशर ने युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। प्रभारी प्राचार्य ओम शरण जांगड़े ने वर्षभर की शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि इस वर्ष आईटीआई डिंडोरी के विद्यार्थियों ने विभिन्न ट्रेडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को न केवल तकनीकी ज्ञान देना है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। नेहरू युवा केंद्र से आए आरपी कुशवाहा ने युवाओं को सरकारी योजनाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी, वहीं प्लेसमेंट अधिकारी इमरान खान ने बताया कि संस्थान द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद बेहतर रोजगार अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है, जो संस्थान की गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है। समारोह के दौरान मेधावी छात्रों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया।

## मोटरसाइकिल चालक ने बालिका को मारी टक्कर, वाहन में पीछे बैठा युवक भी हुआ घायल

**डिंडौरी।** मोटरसाइकिल चालक ने पैदल जा रही एक बालिका को टक्कर मारकर घायल कर दिया दुर्घटना में मोटरसाइकिल में पीछे बैठा युवक भी गिरकर घायल हो गया। जिला चिकित्सालय चैकी पुलिस को दिए कथन में महेश्वरी पिता रामलाल धुर्वे उम्र 23 वर्ष निवासी लालपुर थाना गाडासरई ने बतलाया कि शनिवार को मै अपनी बड़ी बहन की लड़की के साथ अपने घर ग्राम लालपुर से पैदल ग्राम भुसण्डा जा रही थी। दोपहर करीबन 02 बजे ग्राम मानिकपुर में एक नाला के पुलिया के पास पीछे तरफ से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जे 8367 के चालक ने लापरवाही पूर्वक मुझे पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना से मैं एवं मोटर साइकिल सवार दो लड़के मोटर सायकल सहित रोड पर गिर गये। रास्ते से जाने जाने वाले लोगों ने हमें उठाये तथा 108 एम्बुलेंस गाडी को फोन कर बुलाया, जिससे मुझे एवं मोटर सायकल पर पीछे बैठे लड़के को सरकारी अस्पताल गोरखपुर ले जाकर इलाज के लिए भर्ती किये थे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया। हम दोनो को 108 एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल डिण्डौरी लाकर इलाज के लिए भर्ती किया गया। दुर्घटना से मुझे चोट लगी है।

## खबर संक्षेप

### युवक ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी निवासी युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि देवेन्द्र पिता रतिराम वंशकार उम्र 27 वर्ष निवासी बबरिया थाना मुंगवानी द्वारा अपने घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना स्टेशनगंज के नकटुआ में हुई सड़क दुर्घटना मे युवक घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उदय पिता सीताराम विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी मगरधा थाना स्टेशनगंज नकटुआ के पास हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गया जिसका उपचार जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### युवक के साथ मारपीट

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस बासनपानी मे दुर्गा विसर्जन के दौरान युवक को गुलाल उड़ाना भारी पड़ गया। मिली जानकारी के अनुसार रितिक पटेल दुर्गा विसर्जन के दौरान गुलाल उड़ा रहा था तभी गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर दी गई। जिसकी शिकायत थाना ठेमी मे भी दी गई।

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव महिला/पुरुष वर्ग 8 अक्टूबर से 14

बालाघाट। सांसद खेल महोत्सव 2025 विधानसभा बालाघाट लालबर्रा के अंतर्गत बालाघाट में 09 खेलों का ट्रॉयल चयन आयोजित होंगे। विधानसभा बालाघाट के अंतर्गत जिला मुख्यालय मुलना स्टेडियम बालाघाट में 08 अक्टूबर को फुटबॉल, हॉकी ,कराते। 09 अक्टूबर को कुश्ती, वॉलीबॉल, बैडमिंटन। 10 अक्टूबर को एथलेटिक्स में(100 मी, 200मी, 1500 मी, शॉटपुट), शतरंज, रस्साकसी खेलों का ट्रॉयल चयन खेल प्रतियोगिता। एवं 14 अक्टूबर को उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान लालबर्रा में विधानसभा स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को विधानसभा बालाघाट लालबर्रा का निवासी होना चाहिए,आयु सीमा 15 से 35 (01/01/1991 से 31/12/2010) वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

### कांग्रेस ने की प्रभारीं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो के मनोनयन की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु विधानसभा वार प्रभारीं (पर्यवेक्षको) की नियुक्ति की गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने सभी नियुक्त प्रभारी गणो को निर्देशित किया है कि आपने-अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र के समस्त ब्लाको में पंहुचकर विधायक एवं समस्त कांग्रेस जनों से समन्वय स्थापित कर आम सहमति के आधार पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो के मनोनयन की प्रक्रिया के लिए प्रस्तावित नामो की सहमति हेतु बैठको में हस्ताक्षर युक्त कार्यवाही की रिपोर्ट 7 दिवस के भीतर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी को प्रस्तुत करें, ताकि अ.भा.कांग्रेस एवं म.प्र. कांग्रेस की मंशानुसार संगठन सृजन हेतु तय समय सीमा में मनोनयन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकें। विधानसभा वार नियुक्त प्रभारियों के नाम इस प्रकार है। बरघाट विधानसभा हेतु आनंद भगत उगली, शिव सनोडिया, सिवनी विधानसभा हेतु पूर्व विधायक रमेशचंद जैन, सुभाष बघेल केवलारी, केवलारी विधानसभा हेतु अतुलचंद मालू , हाजी सोहेल पाशा, लखनादौन विधानसभा हेतु विद्याधर बाबा तिवारी सिवनी, संजय बैस छपारा का समावेश है।

# दुष्कर्म के मामले में फंसाने व पैसे लेने वाले तीन लोग गिरफ्तार

## जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**






गत दिवस जैन समाज पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया है कि मलाह पिपरिया निवासी राजेश जैन जो कि वर्तमान में गली नं. 3 धनारे कॉलोनी नरसिंहपुर में निवासरत है। जिन्हें विगत दिनों से अभियुक्तों द्वारा एक झूठे प्रकरण में फँसाने की कोशिश की गई। जिस पर पुलिस विभाग द्वारा तुरंत कार्यवाही की गई। लेकिन दूसरे दिन पुनः अभियुक्तों द्वारा श्री जैन के घर पहुंच कर धमकी देकर राजीनामा के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया गया। उस प्रकरण में पुनः एफआईआर दर्ज की जाये एवं जैन समाज नरसिंहपुर उपयुक्त कार्यवाही की मांग की गई है एवं पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारी एवं अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी जांच की जावे। उक्त मौके पर बड़ी संख्या मे सामाजिक बंधु मौजूद रहे।

### मामला इस प्रकार

बीते दिवस थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा अवैध रकम के साथ आरोपी ब्रिजेन्द्र दुबे उर्फ छुट्टू महाराज को पकड़ा गया था। बताया गया कि फर्जी रेप केस के नाम पर फिरौती मांगने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह घटना नया बस स्टैंड स्थित जय श्रीराम ट्रेवल्स ऑफिस में सामने आई। शिकायतकर्ता राजेश जैन ने बताया कि उसे छुट्टू उर्फ बृजेन्द्र महाराज ने अपने ट्रेवल्स ऑफिस बुलाया था। दोपहर करीब 2 बजे राजेश जैन अपनी पत्नी सुमन जैन के साथ ऑफिस पहुंचे। वहां छुट्टू महाराज ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि उनके खिलाफ महिला थाने में रेप की रिपोर्ट दर्ज है। इससे बचने के लिए पैसों का इंतजाम करना होगा। इसी दौरान पूना बाई चैधरी नामक एक महिला भी वहां आई और खुद को शिकायतकर्ता बताया था। पैसे लेते समय छुट्टू महाराज को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी छुट्टू महाराज, संदीप राजपूत और पूना बाई चैधरी के खिलाफ बीएस की धारा 308(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

### तीनो आरोपी गिरफ्तार

स्टेशनगंज थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर मामले की तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिन्हे न्यायालय के समक्ष पेश किया जावेगा। वही उक्त मामले विधि संगत कार्रवाई के लिए जैन समाज द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया एवं कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञात हो कि उक्त मामले मे कुछ जिम्मेदार पुलिस कर्मियों की सांठगांठ है पीड़ति के अनुसार पुलिस ने उन्हे पांच घंटे तक थाने मे बिठाया और समझौता कराने की बात कही उसके उपरांत पीड़ति ने पैसे देते हुए आरोपियों को पकड़वाया गया। हालांकि उक्त मामले से यह तो सिद्ध होता है कि सत्य को न्याय मिलता है लेकिन कुछ अभी बचे हुए है।

### दोषी पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई

उक्त मामले मे पीड़ति को डराने व समझौता करने का दबाब बनाने वाले पुलिस कर्मियों पर भी ठोस कार्रवाई की जावे जिससे अन्य पुलिस कर्मियों को सीख मिल सके। पुलिस कर्मियों द्वारा अपने कर्तव्य के विपरीत कार्य करने का दंड भी दिया जाए। महिला द्वारा दुष्कर्म किए जाने का आवेदन दिया गया था तो अपराध पंजीबद्ध करना था लेकिन सांठ गांठ के चलते पीड़ति को समझौता के लिए विवश करना पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाता है। यह जिम्मेदारी केवल प्रभारी अकेले की नही है अन्य जो पुलिस कर्मी उक्त मामले मे शामिल है उन पर भी ठोस कार्रवाई हो।

# सत्य एवं अहिंसा की दिलाई शपथ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के सानिध्य में छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. अमित ताम्रकार छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. रानी कुमारी, सहायक अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले के निर्देशन एवं दलनायक दिनेश अग्रवाल, सहदलनायक विवेक साहू, दलनायिका मनीषा राजपूत के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा सत्य एवं अहिंसा की शपथ, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग उत्पादन पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमित ताम्रकार ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं उत्पादन पर जोर देते हुए कहा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग देश की आत्मनिर्भरता, स्थानीय रोजगार और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देता है। यह राष्ट्रहित में एक जागरूक और सशक्त कदम है। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवक छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ ली। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी, डॉ. स्वाती चांदौरकर, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले, श्री गोविन्द मेहरा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक (छात्र इकाई) दिनेश अग्रवाल, सहदलनायक विवेक साहू, दलनायिका मनीषा राजपूत मिडिया प्रभारी (छात्र इकाई) मोतीलाल कतिया स्वयंसेवक, ब्रजेश चैधरी, शरद साहू, कविता, कल्पना, असमानी, नम्रता, रूपेश, सुरभी, रेशू,आस्था, तनु, अजय इनवती, यशवंत साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

# भावांतर योजना के संबंध में बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत अधिसूचित तिलहनी फसल सोयाबीन के लिए भावांतर योजन I वर्ष 2025- 26 के प्रचार- प्रसार के लिए कलेक्टर श्रीमती रंजनी सिंह के मार्गदर्शन में उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अतिरिक्ष्त मुख्ष्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सभी कृषि उपज मंडी संचिव, संतोष राय, प्रतीक शर्मा, विमलेश पटेल, ऋषिराज पटेल एवं जिले के विभिन्ष्न संघो के सदस्ष्य मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि भावांतर योजना अंतर्गत किसानों का पंजीयन कराने के लिए जिले में 24 पंजीयन केन्ष्द्र बनाए गए हैं। जिले में 86 हजार 909 हेक्टेयर रकबे में सोयाबीन फसल की बोनी की गई है। जिले में भावांतर योजना के लिए पंजीयन की तिथि 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक रहेगी। सोयाबीन खरीदी का कार्य 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। जिले में भावांतर योजना अंतर्गत निगरानी के लिए जिला नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, मंडी वार नोडल अधिकारियो की टीम गठित की गई है। बैठक में भावांतर योजना से संबंधित अन्ष्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भावांतर योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार करने के लिए कहा गया, जिससे जिले मे किसानों को भावांतर योजना से लाभांवित किया जा सके।

### गालीगलौच, धमकी पर कार्रवाई नहीं, दूसरे पक्ष को भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के थाना-चैकियों में शिकायतों पर समय रहते पुलिस कार्रवाई नहीं करती। नतीजतन झगड़े गंभीर मारपीट में बदल रहे हैं। ऐसा ही मामला आमगांव चैकी के अंतर्गत बरोदिया पिपरिया का है। यहां तीन लोगों ने बीती 23 सितंबर को एक ग्रामीण के साथ लाठियों से मारपीट की थी। प्रकरण में तत्काल एफआईआर भी दर्ज हुई थी। हैरत की बात ये है कि पुलिस ने घटना को एक अक्टूबर का मानकर आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने का दावा किया है। मामले में चैंकाने वाला तथ्य ये भी है कि मारपीट दो दिन पूर्व आरोपियों ने आहत युवक टीकाराम कुशवाहा के विरुद्ध गालीगलौच व धमकी की शिकायत आमगांव चैकी में दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीण कह रहे हैं कि यदि पुलिस ने समय रहते प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी होती तो ऐसी नौबत ही नहीं बनती। बरोदिया पिपरिया के ग्रामीण टीकाराम कुशवाहा ने बीती एक अक्टूबर को एसपी कार्यालय में रामनरेश लुलावत, राजेश लुलावत, संत कुमार ठाकुर के विरुद्ध लाठियों से मारने और आमगांव चैकी पुलिस द्वारा एफआईआर नहीं लिखे जाने संबंधी शिकायत पत्र दिया था। जबकि हकीकत ये थी कि घटना वाले दिन ही युवक की शिकायत पर आमगांव चैकी में मारपीट की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बावजूद टीकाराम ने एसपी को दिए आवेदन में इस तथ्य को छिपाए रखा। साथ ही पुलिस ने भी मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद आरोपी पक्ष द्वारा घटना के दो दिन पूर्व की गई शिकायत को भी दबा दिया। मारपीट के आरोपियों के विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई करते हुए उन्हें 2 अक्टूबर की शाम गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके पूर्व सामान्य मारपीट करने वाले आरोपियों का पुलिस ने आमगांव में जुलूस तक निकाला। जबकि बड़े-बड़े अपराधों में पुलिस ऐसा करने से खुद को बचाती रही है। बहरहाल, आमगांव पुलिस की इस कार्रवाई व कार्यप्रणाली से बरोदिया पिपरिया गांव में रोष है। गांव के सूरज अतरसूमा, प्रदीप कौरव, आकाश कौरव आदि का कहना है कि पुलिस ने यदि टीकाराम कुशवाहा के विरुद्ध 21 सितंबर को हुई शिकायत पर कार्रवाई कर दी होती तो मारपीट की ये नौबत की नहीं बनती।

# हनुमानजी जी की महाआरती का पावन आयोजन



गोटेगांव

श्रीधाम -श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पं दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ शुभी/धर्मेंद्र विश्वकर्मा एवं अक्षत सराठे द्वारा अंजनीसुत को उनके प्रिय लड्डुओं ओर बर्फी का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षो से भी अधिक समय से एवं 303 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें पप्पू सोनी धर्मेंद्र चौबे सुशील दुबे सालिगराम साहू कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर मुकेश सोनी पंकज नोरिया एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुईइस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय दीपक सराठे नीरज नेमा दीपक सोनी मुकेश चढ़ार राकेश शर्मा ओमप्रकाश साहू नीलेश नामदेब कृष्णा नामदेब मनोज नामदेव कैलाश गुप्ता मनीष साहूपिंटू विश्वकर्मा दिनेश शर्मा राजेश चौकसे निहाल अग्रवाल विनोद साहू गोविंद ठेकेदार आनंद पचौरी नारायण सोनी अभिषेक सोनी नारायण सोनी अर्चित राज ब्रजेश श्रीवास्तव ललित शौर्य बटुक सेवक अक्षत सराठे, अनुज ठाकुर ऋषि विश्वकर्मा, अभिनंदन अग्रवाल मातृशक्ति से स्नेह लता श्रीवास्तव नंदिनी जौहरी प्रीति भारद्वाज लीलावती पटेल सुमन गुप्ता प्रीति पटेल अनीता साहू नंदनी जौहरी नंदिनी विश्वकर्मा स्नेहलता चौहान मुस्कान सोनी ऋषिका विश्वकर्मा एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति रही

### यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव के छात्र शुभ मिश्रा का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन






गोटेगांव

यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव के कक्षा 12 वीं में अध्यनरत छात्र शुभमिश्रा ने संभागीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भिण्ड में आयोजित 8 अक्टूबरसे 11 अक्टूबर तक होने वाले राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया है छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक अरविंद पटेल पूर्व स्पोर्ट्स आफीसर सत्यनारायण मिश्रा विकासखंड खेल प्रभारी रंजीत घोसी शिक्षक उमाशंकर छिरा खेल प्रशिक्षककोंच उमाकांत राजपूत शोभाराम दौहिया खेल युवा कल्याण विभाग समन्वयक इंद्र कुमार ठाकुर राहुल नामदेव पुष्पेंद्र राजपूत दीपक पटवा नीरज पटेल ने छात्र की उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## इमझिरा में एटीएम लगाने की मांग

तेंदूखेड़ा



एक तरफ जहां कैशलेश को बढ़ावा देने की दिये जाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा तरह तरह के प्रयास किए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ पेपर से छुटकारा पाने की दिशा में बैंकों में प्रयास किए जा रहे हैं। बुजुर्ग लोगों को अपनी वृद्धावस्था पेंशन विदुर पेंशन सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हमारे प्रतिनिधि को ग्राम पंचायत इमझिरा निवासी आशीष पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा ग्राम तेंदूखेड़ा बरमान मुख्य मार्ग पर स्थित है। इस मुख्य ग्राम से अनेकों ग्रामीण क्षेत्र का व्यापारिक लेनदेन भी हुआ करता है। जिसके कारण लोगों को बैंकिंग जैसी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यहां से 24 घंटे आवागमन की सुविधा भी बनी रहती है। परंतु तेंदूखेड़ा और बरमान के बीच में पढ़ने वाला यह ग्राम अभी तक मूलभूत सुविधाओं का मोहताज बना हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों को अनेकों गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि यहां से अनेकों ग्रामीण क्षेत्रों की व्यापारिक सौदेबाजी भी हुआ करती है। ग्राम में बैंक के साथ एटीम की सुविधाएं भी मुहैया कराई जानी चाहिए। जिससे ग्रामीणों को लेनदेन करने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। लोगों को तत्काल कैश की व्यवस्था हो सके इसके लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों को चाहिए कि शीघ्र ही यहां पर एक एटीएम केंद्र खोल दिया जाये।

# वैज्ञानिक तकनीक एवं बोनस वितरण कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस करेली शुगर मिल प्राइवेट लिमिटेड मे कृषक गोष्ठी और कृषक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कारखाना परिसर मे किया गया जिसमे क्षेत्र के समस्त गन्ना किसानों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारखाने के ठाकुर आशीष सिंह , आशुतोष अवस्थी ने किया। अपने उद्बोधन में किसानों से कहा गया कि हम से खेती देखने पूना और बारामती पिछले हफ्ते ही गए थे, तकनीक देखकर हम आश्चर्य चकित रहे कि हमारी चीनी मिल परिक्षेत्र यानी नर्मदा नदी के 10 किलोमीटर की जमीन पूरे भारतवर्ष में पोषक तत्वों के मामले में अच्छी है, फिर भी हमारे मिल परिक्षेत्र के किसानों की उपज 450 -500 क्विटंल ही नोरपा का जड़ी और मडी का 250 -350 क्विटंल औसत प्रति एकड़ पर सिमट कर रह गया है। जबकि वहां की जमीन हमारे चीनी मिल परिक्षेत्र की जमीन से खराब हालत में होने के बावजूद 1000- 1200 कुंतल प्रति एकड़ गन्ने की उपज है। मै इस मंच के माध्यम से घोषणा करता हु कि जल्द ही 30 प्रगतिशील किसानो का समूह पूना और बारामती मेरे द्वारा भेजा जाएगा। वहा जाकर किसान ( ए आई) तकनीक की खेती देखे और आकर अपने खेत पर प्रति एकड़ पैदावार वर्तमान से दूना करे। जिसमें निम्न किसान मैथिलीशरण तिवारी, गणेश प्रसाद स्वामी, अमित सिंह राजपूत, जयप्रकाश जयवार, अभिषेक सिंह उपस्थित रहे।

## आश्रम में मौनी बाबा के साथ मारपीट, सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सहजपुरा के पास बने कैलाश धाम मे निवास कर रहे तेजगिरी महाराज मौनी बाबा के साथ आश्रम में आकर मारपीट कर दी गई। बताया गया कि बाबा श्री बीते 4 माह से आश्रम मे निवास कर रहे थे सहजपुरा गांव के कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई। ज्ञात हो कि कैलाश धाम आश्रम मे निवास कर रहे संत तेजगिरी मौनी बाबा के साथ कुछ लोगो मारपीट की गई जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापनकर्ताओं ने घटना के पूर्व भी बाबा श्री से लोगों द्वारा लूट की गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच मे जुटी हुई है।

## आंगनबाड़ी में गोद भराई



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 1 में पोषण माह अंतर्गत पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। तथा रानू साहू की गोदभराई का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ ।जिसमें सेक्टर सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वार्ड की महिलायें बड़ी संख्या में सम्मिलित रहीं।इस कार्यक्रम के अंतर्गत व्यंजन प्रदर्शनी के माध्यम से पोषण के महत्व और संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई ।